सं-12016/32/2025-रा.भा.(क-2)
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 12 फरवरी, 2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मध्य, पश्चिम और उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन, जयपुर के अवसर पर सुरक्षा प्रवेश पत्र और सम्मेलन किट का वितरण।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कृपया ध्यान दें कि 17 फरवरी, 2025 को जयपुर में आयोजित होने वाले मध्य, पश्चिम और उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर सुरक्षा प्रवेश पत्र और सम्मेलन किट का वितरण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:

1. सुरक्षा प्रवेश पत्र का वितरण दिनांक 16 एवं 17 फरवरी, 2025 को हॉल नं.2, गेट नं. 12-13, जयपुर प्रदर्शनी स्थल एवं सम्मेलन केंद्र (JECC), सीतापुरा, सांगानेर, जयपुर (राजस्थान) में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार प्रदान किया जाएगा-

16 फरवरी, 2025	दोपहर बाद 03.00 बजे से सायं 8 बजे तक
17 फरवरी, 2025	प्रात: 07.00 बजे से 09.00 बजे तक

2. सुरक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कृपया सुनिश्चित करें कि सुरक्षा प्रवेश पत्र हर हाल में 16 एवं 17 फरवरी, 2025 को ऊपर उल्लिखित समयानुसार प्राप्त कर लिए जाएं। **इसके पश्चात सुरक्षा प्रवेश पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।**
3. सभी पंजीकृत प्रतिभागियों से अनुरोध है कि कृपया सुरक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए अपने पंजीकरण पुष्टि पत्र को पंजीकरण पोर्टल पर दिए गए लिंक से डाउनलोड कर सॉफ्ट या हार्ड रूप में साथ लेकर आएं। यह लिंक पंजीकरण पोर्टल पर ही दिनांक 13 फरवरी, 2025 से उपलब्ध होगा।
4. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंको/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी गैर-सरकारी व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।

12/02/25

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (रा.भा./नीति)

सेवा में,

सभी संबंधित केंद्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।